रोहतक
सोमवार 19 जनवरी 2026
माघ मास शुक्ल पक्ष,
प्रतिपदा वर्ष : 29, अंक : 351
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 23.2
न्यून. 3.1

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



7 मिचेल-फिलिप्स के शतक, न्यूजीलैंड ने भारत में पहली वनडे श्रृंखला जीती

**नई शिक्षा नीति और हाईकोर्ट के निर्देशों पर सरकार सख्त**

# नए सत्र से पहली कक्षा में दाखिले के लिए छह साल की आयु जरूरी

**चंडीगढ़(ब्यूरो)।** प्रदेश सरकार ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 से कक्षा 1 में प्रवेश के लिए न्यूनतम उम्र 6 वर्ष अनिवार्य कर दी है। यह फैसला नई शिक्षा नीति 2020 और हाईकोर्ट के निर्देशों के तहत लिया गया है, जिससे अब 5.5 साल के बच्चों को पहली कक्षा में दाखिला नहीं दिया जाएगा। सरकार ने स्कूली शिक्षा से जुड़ा अहम फैसला लिया है। इसका सीधा असर पहली कक्षा में दाखिला लेने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों पर पड़ेगा। शिक्षा व्यवस्था को राष्ट्रीय स्तर के नियमों के अनुरूप बनाने के लिए सरकार ने कक्षा 1 में एडमिशन की उम्र को लेकर नए आदेश भी जारी कर दिए गए हैं।



- *अब 5.5 साल के बच्चों को पहली कक्षा में दाखिला नहीं मिलेगा*
- *सरकार ने जारी की अधिसूचना, बच्चों और अभिभावकों पर असर*

### अब तक यह था नियम

शिक्षा विभाग के नोटिफिकेशन के मुताबिक, जो बच्चे 6 साल की उम्र पूरी नहीं करते हैं, उनको पहली कक्षा में एडमिशन नहीं दिया जाएगा। पहले हरियाणा शिक्षा नियमावली 2011 के तहत 5 साल 6 माह की उम्र में भी बच्चों को पहली कक्षा में एडमिशन मिल जाता था।

### क्या कहते हैं शिक्षा विशेषज्ञ

शिक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि 6 साल की उम्र में बच्चा मानसिक और शारीरिक रूप से पढ़ाई के दबाव को बेहतर तरीके से संभाल पाता है। इसके साथ एनईपी 2020 का 5+3+3+4 शिक्षा मॉडल भी यही कहता है कि पहले तीन साल प्री-स्कूल और उसके बाद कक्षा 1 और 2 होनी चाहिए।

**नोएडा में कार समेत दलदल में गिरने से इंजीनियर की मौत**

# पिता को फोन कर कहा- मैं मरना नहीं चाहता, बचा लो, 80 मिनट तक मदद के लिए चिल्लाया, फिर दम तोड़ दिया

**नोएडा (एजेंसी)।** नोएडा में एक साफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता (27) कार समेत 30 फीट गहरे दलदल में समा गया और उसकी मौत हो गई। वह करीब 80 मिनट तक पिता के सामने टॉर्च जलाकर चिल्लाता रहा। उनसे फोन कर कहा कि पापा मुझे बचा लो, मैं मरना नहीं चाहता। लेकिन मदद नहीं मिलने के कारण उसकी मौत हो गई। दरअसल, युवराज कार से गुरुग्राम से नोएडा के सेक्टर-150 टाटा यूरिका पार्क जा रहे थे। एटीएस ले ग्रांड के पास उसकी कार नाले की दीवार तोड़ते हुए दलदल समा गई। उसने पिता को फोन करके पूरी घटना बताई। डायल-112 पर सूचना देकर पिता मौके पर पहुंचे। लेकिन बेटे को बचा नहीं पाए।





### करीब ढाई घंटे बाद निकाला शव

जॉइंट सीपी राजीव नारायण मिश्रा ने बताया कि पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। फायर ब्रिगेड के लैडर, क्रेन और सर्च लाइट समेत सभी जरूरी उपकरण से बचाव कार्य शुरू किया गया। लेकिन कोहरे के कारण जीरो विजिबिलिटी थी। इसलिए युवराज को बचाया नहीं जा सका। ढाई घंटे बाद शव निकाला गया।

### बेसमेंट के लिए खोदा गया था गड्ढा

दरअसल, एक प्लॉट मालिक ने मॉल के बेसमेंट के लिए 30 फीट का गड्ढा खोदा गया था। इसी में कोहरे के कारण युवराज की कार गिर गई। पुलिस ने उसके पिता राजकुमार मेहता की शिकायत पर दो बिल्डरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### पिता एसबीआई से रिटायर्ड

सेक्टर-150 स्थित टाटा यूरेका पार्क सोसायटी निवासी राजकुमार मेहता एसबीआई से रिटायर्ड हैं। उनकी पत्नी की कुछ साल पहले बीमारी से मौत हो गई थी। बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है। वह यूनाइटेड किंगडम (यूके) में रहती है। युवराज मेहता इकलौता बेटा था।

## खबर संक्षेप

### इंडिगो की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**लखनऊ।** दिल्ली से उड़ान भरने वाले इंडिगो के एक विमान को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद



हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही विमान को तुरंत लखनऊ एयरपोर्ट की तरफ डायवर्ट कर दिया गया। सुबह 9:17 बजे लखनऊ में फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग हुई है। एजेंसी

### मेट्रो स्टेशन पर क्यूआर कोड आधारित पार्किंग

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस समारोह के लिए मेट्रो स्टेशन पर घोषणाओं से लेकर क्यूआर कोड आधारित पार्किंग प्रणाली तक कई उपाय किए हैं। जहां मेट्रो स्टेशन पर घोषणाएँ परेड स्थल की यात्रा करने वाले टिकट और पास धारकों का मार्गदर्शन करेंगी, वहीं क्यूआर कोड आधारित प्रणाली बैठने के संबंधित स्थानों के निकट निर्दिष्ट स्थानों पर 8,000 वाहनों को पार्क करने में मदद करेगी। एजेंसी

### विजय आज सीबीआई के समक्ष पेश होंगे

**चेन्नई।** तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के अध्यक्ष विजय तमिलनाडु के करूर में हुई भगदड़ की घटना के सिलसिले में पूछताछ के लिए 19 जनवरी को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के समक्ष पेश होने के वास्ते रविवार को दिल्ली रवाना हुए। वे सोमवार को जांच एजेंसी के समक्ष पेश होंगे। एजेंसी

### बांग्लादेश में एक हिंदू व्यवसायी की हत्या

**ढाका।** बांग्लादेश के गाजीपुर में केले को लेकर हुए विवाद के बाद एक हिंदू व्यवसायी को तीन लोगों ने पीट-पीटकर मार डाला। आरोपी एक ही परिवार के सदस्य हैं। पीड़ित की पहचान लिटन चंद्र घोष (55) के तौर पर हुई है जो 'बैशाखी स्वीटमीट एंड होटल' का मालिक था। एजेंसी

## कोलकाता के हुगली में पीएम मोदी का ममता सरकार पर तीखा हमला

**दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों- डिब्रूगढ़-गोमती नगर (लखनऊ) और कामाख्या-रोहतक को हरी झंडी दिखाई**

# बंगाल बदलाव के लिए तैयार खत्म होगा महाजंगलराज

*पीएम ने सिंगूर में 837 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इससे पहले सुबह मोदी ने असम के कलियाबोर में 6,957 करोड़ के काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर की आधारशिला रखी। पीएम ने दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को वर्चुअली हरी झंडी दिखाई।*

एजेंसी ▶▶ सिंगूर

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल में कहा कि यहां की जनता अब असली परिवर्तन चाहती है। हर कोई 15 साल के महाजंगल राज को बदलना चाहता है। अभी तो बीजेपी-एनडीए ने बिहार में जंगलराज को रोका है। अब टीएमसी के महाजंगलराज को विदा करने के लिए तैयार है। पीएम ने सिंगूर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा-घुसपैठिए बचाने के लिए टीएमसी किसी भी हद तक जा सकती है। केंद्र ने कई बार चिट्ठी लिखी कि बॉर्डर पर फेंसिंग के लिए जमीन चाहिए, लेकिन बंगाल सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि घुसपैठिए इनके पक्के वोटर हैं। पीएम ने सिंगूर में 837 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और इनॉगरेशन किया। इससे पहले सुबह पीएम असम में थे। वहां मोदी ने कलियाबोर में ₹6,957 करोड़ के काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर की आधारशिला रखी। पीएम ने दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों- डिब्रूगढ़-गोमती नगर (लखनऊ) और कामाख्या-रोहतक को वर्चुअली हरी झंडी दिखाई।

घुसपैठ रोकने के लिए फेंसिंग जरूरी, ममता सरकार जमीन नहीं दे रही

भाजपा की सरकार देश के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध





काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर की आधारशिला रखने के दौरान मॉडल को देखते प्रधानमंत्री मोदी।

**मालदा से हुगली तक विकास का संदेश दिया**

पीएम मोदी ने कहा कि वे मालदा में थे और आज हुगली के सिंगूर में जनता के बीच आने का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि केंद्र का संकल्प है कि पूर्वी भारत को विकास का इंजन बनाया जाए। 2 दिन इसी संकल्प को मजबूत करते हैं। पीएम ने कहा कि बंगाल के विकास के लिए केंद्र पूरी ताकत से काम कर रही है। पीएम मोदी ने बालागढ़ में बनने वाले एक्सटेंडेड पोर्ट गेट सिस्टम का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना हुगली और आसपास के इलाकों के लिए नए अवसरों का द्वार खोलेगी।

**पूर्वी भारत बनेगा विकसित भारत की नींव**

पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार का लक्ष्य है कि पूर्वी भारत को विकास की मुख्यधारा में सबसे आगे लाया जाए। उन्होंने दावा किया कि बीते 24 घंटे में लिए गए फैसले आने वाले वर्षों में बंगाल और पूरे पूर्वी भारत की तस्वीर बदल देंगे।

### गंगा जलमार्ग से बढ़ेगा कार्गो मूवमेंट

प्रधानमंत्री ने कहा कि गंगा जी पर बने जलमार्ग के जरिए कार्गो मूवमेंट और तेज होगा। इससे उद्योगों को सस्ती और आसान परिवहन सुविधा मिलेगी। पीएम ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर का यह विस्तार बंगाल को आर्थिक रूप से मजबूत बनाएगा।

### सभी टीएमसी के जंगलराज को बदलना चाह रहे

पीएम मोदी ने राज्य की टीएमसी सरकार पर भ्रष्टाचार और घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। पीएम मोदी ने जनता से टीएमसी को सबक सिखाने का आह्वान किया। पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी बंगाल के नौजवानों और किसानों के साथ खेल रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भाजपा की सरकार बनने पर प्लास्टिक से जुड़े ठोस नियम बनाए जाएंगे, ताकि जूट उद्योग को बढ़ावा दिया जा सके।



**कई जिलों में छाया कोहरा, अंबाला में एक की मौत**

# सोनीपत सबसे ठंडा जिला आज से हो सकती है बरसात

हरिभूमि टीम ▶▶ हरियाणा

प्रदेश के कई जिलों में रविवार को सुबह घना कोहरा छाया रहा। अंबाला में हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। कोहरे के चलते लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि 24 घंटे के दौरान औसत न्यूनतम तापमान (रात का) में 0.5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। हालांकि, राज्य में तापमान सामान्य के करीब बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, सूबे में सबसे कम तापमान 3.1 डिग्री सेल्सियस (सोनीपत) में दर्ज किया गया। शनिवार की रात यहां सबसे ठंडी रही।

*सुबह निकली धूप से मिली राहत, शाम को फिर ठंड*

### इन जिलों में दृश्यता रही जीरो

झज्जर, भिवानी समेत कई जिलों में भी सुबह दृश्यता 0 से 5 मीटर तक रही। हालांकि सोनीपत व अन्य शहरों में 9 बजे के बाद धूप भी निकली। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में हरियाणा में मौसम शुष्क रहने की संभावना है, हालांकि सुबह और रात के समय ठंड का असर जारी रहेगा।

### सक्रिय होंगे तीन पश्चिमी विक्षोभ

इस समय रात का तापमान 3 से 8 डिग्री और दिन का तापमान 18 से 21 डिग्री के बीच घूम रहा है। 19 से 25 जनवरी तक तीन पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होंगे। पहला 19 जनवरी को एक्टिव होगा जिस कारण 20 व 21 जनवरी को बारिश व बूंदाबांदी के आसार हैं। दूसरा 22 व 23 जनवरी को सक्रिय होगा, जिससे फिर हल्की बारिश हो सकती है। इसके बाद 24 जनवरी को एक ओर पश्चिमी विक्षोभ आएगा, जिससे 25 जनवरी तक प्रदेश में बारिश के आसार हैं। -डॉ. मदन खीचड़, एचएयू हिसार

# ट्रेलर ने अचानक ब्रेक लगाए, पीछे 4 वाहन भिड़े, दो लोग जिंदा जले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नूंह

केएमपी एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसे में 2 लोग जिंदा जल गए। दोनों ट्रक के कैबिन के अंदर फंसे रह गए। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि उन्हें बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर कई किमी तक जाम लग गया। बताया जा रहा है कि थाना मोहम्मदपुर अहीर क्षेत्र में रविवार सुबह एक्सप्रेसवे पर 2 हाई स्पीड ट्रेलरों ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इसके बाद पीछे से आ रहे एक कंटेनर और 2 ट्रक भी उनसे जा टकराए। इससे पीछे से आ रहे ट्रक ड्राइवर को संभलने तक मौका नहीं मिला और 5 वाहन एक-दूसरे से टकरा गए। तभी अचानक आग लग गई और एक ट्रक चालक और उसका साथी जिंदा जल गए। मृतकों की पहचान ड्राइवर राकेश (30) निवासी नीमका, सीकर (राजस्थान) और देशराज के रूप में हुई है।

**केएमपी पर भीषण हादसा कई घंटे लगा रहा जाम**

**लोहड़ी बम्पर टिकट खरीदा था**

### सिरसा के ड्राइवर की पंजाब में निकली 10 करोड़ की लॉटरी

**रानियां(सिरसा)।** सिरसा के रहने वाले पृथ्वी सिंह की 10 करोड़ रुपये की लॉटरी निकली है। पृथ्वी सिंह पेशे से ड्राइवर हैं। उन्होंने पंजाब स्टेट डियर लॉटरी (लोहड़ी मकर संक्रांति बंपर 2026) में पहला इनाम जीतकर सबको हैरान कर दिया। पृथ्वी के घर में खुशी का माहौल है। परिवार ने नोटों की माला पहनाकर उनका स्वागत किया। पृथ्वी ने बताया कि कुल 3 टिकट खरीदे थे पहला 500 रुपये का, दूसरा 200 का और तीसरा 100 रुपये का। उनमें से 500 रुपये का टिकट (नंबर 327706) निकला है। पेमेंट सीधे उनके खाते में आएगी, जिसमें से 30 प्रतिशत टैक्स कटेगा। इस तरह उन्हें करीब 7 करोड़ मिलेंगे



**चंडीगढ़ में जांच के दौरान पकड़ा**

### अंबाला के ज्वेलर की कार से एक किलो सोना व 1.42 करोड़ जब्त

**अंबाला।** चंडीगढ़ पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान अंबाला के एक ज्वेलर की कार से एक किलो 214 ग्राम सोना और 1.42 करोड़ कैश बरामद किया है। पुलिस ने कार को रूटीन जांच के लिए रोका था। कार ड्राइवर से जब सोने और कैश को लेकर दस्तावेज मांगे गए तो वह जवाब नहीं दे पाया। पुलिस ने ज्वेलर को हिरासत में ले लिया। कार चालक की पहचान अंबाला के जगमोहन जैन के रूप में हुई है, जो कि एक ज्वेलर है। बरामद सोने पर 9999 फाइन गोल्ड, 100 ग्राम, 50 ग्राम और 1 औंस के गोल्ड बार की मार्किंग पाई गई है। जगमोहन ने बताया कि आभूषण सप्लाई करने चंडीगढ़ आया था।

**सोने व कैश से जुड़े दस्तावेज नहीं मिले**

**कश्मीर में आतंकी मुठभेड़**

### किश्तवाड़ में ऑपरेशन त्राशी-1 आठ जवान घायल, 3 एयरलिफ्ट

**किश्तवाड़।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में रविवार दोपहर को आतंकी मुठभेड़ में सेना के 8 जवान घायल हुए हैं। अधिकारियों के मुताबिक 3 जवानों को एयरलिफ्ट करके अस्पताल पहुंचाया गया। घटना किश्तवाड़ के ऊपरी जंगली इलाके सोनार की है। यहां सेना की व्हाइट नाइट कोर का आतंकियों के खिलाफ 'ऑपरेशन त्राशी-1' जारी है। इसी दौरान आतंकियों से जवानों की मुठभेड़ हुई। दोनों ओर से फायरिंग की गई। 2-3 से आतंकियों को जवानों ने घेरा था। तभी आतंकियों ने ग्रेनेड से हमला किया। ये आतंकी जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े हो सकते हैं। आतंकियों की तलाश अभी भी जारी है। इलाके पर ड्रोन से नजर रखी जा रही है। स्निफर डॉग्स की मदद ली गई है।

**आतंकियों की तलाश अभी भी जारी है।**

**जिम ट्रेनर को गाड़ी में डालकर ले गए आरोपित**

**ट्रेनर हाथ छुड़ाकर भागा, पीछा कर पकड़ा**

# फरीदाबाद में गुरुद्वारे के बाहर से दुल्हन के भाई का अपहरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

यहां एक गुरुद्वारे के बाहर से फॉर्च्यूनर कार में सवार होकर आए बदमाशों ने एक युवक यश का अपहरण कर लिया। दरअसल, गुरुद्वारे के अंदर युवक की बहन की शादी हो रही थी। परिवार और रिश्तेदार भी अंदर ही मौजूद थे। यश जिम ट्रेनर है। उसके अपहरण की घटना गुरुद्वारे के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसमें दिख रहा है कि यश ने किडनैपरों से बचकर भागने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने दौड़कर उसे पकड़ लिया और साथ ले गए। पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं, लेकिन खबर लिखे जाने तक युवक का सुराग नहीं लग पाया था। परिवार का कहना है कि उनकी किसी के साथ दुश्मनी नहीं है।



### 2 कारों में आए थे अपहर्ता

प्रवीण ने बताया कि यश को किडनैप करने वाले दो कारों में सवार होकर आए थे। इनमें से फॉर्च्यूनर कार में यश को अगवा कर ले जाया गया। उन्हें नहीं पता कि यश को कौन लोग और किस मकसद से उठाकर ले गए हैं। शादी में उसे कौन बुलाने के लिए आया था, यह भी नहीं पता। उस समय परिवार के लोग व्यस्त थे। यश के पिता की 3 साल पहले मौत हो चुकी है।

**धर्म पूजा तक सीमित नहीं, हर चीज का कर्तव्य और अनुशासन होता है**

*संघ के शताब्दी वर्ष को लेकर जनसभा में बोले संघ प्रमुख भागवत*

# जब तक धर्म भारत का मार्गदर्शन करेगा, देश विश्व गुरु बना रहेगा

*भेदभाव खत्म करने के लिए जाति को मन से मिटाने की जरूरत*

भाषा ▶▶ मुंबई

भाषा : मुंबई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि जब तक धर्म भारत का मार्गदर्शन करता रहेगा, देश 'विश्वगुरु' बना रहेगा। भागवत ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि ऐसा आध्यात्मिक ज्ञान दुनिया के दूसरे हिस्सों में नहीं पाया जाता। उन्होंने कहा कि धर्म ही पूरे ब्रह्मांड को चलाता है और सब कुछ उसी सिद्धांत पर चलता है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि भारत को अपने पूर्वजों से एक समृद्ध आध्यात्मिक धरोहर विरासत में मिली है और साधु-संतों से मार्गदर्शन मिलता रहा है। भागवत ने कहा कि धर्म केवल धार्मिकता तक सीमित नहीं है और प्रकृति में हर किसी का अपना नैतिक कर्तव्य व अनुशासन होता है। उन्होंने कहा कि जब तक ऐसा धर्म भारत का मार्गदर्शन करता रहेगा, तब तक भारत 'विश्वगुरु' बना रहेगा। दुनिया के पास इस तरह का ज्ञान नहीं है, क्योंकि उसमें आध्यात्मिकता की कमी है। यह हमारे पूर्वजों की विरासत है, जो हमें मिली है।'



### ऋषियों को सुरक्षा दें व उनकी गरिमा बनाए रखें

भागवत ने कहा कि भारत ने समय-समय पर दुनिया को धर्म दिया है। हमारे पास किताबें और वक्ता हैं, लेकिन धर्म असल में जीवन में अमल में लाया जाता है और इसका अनुसरण किया जाता है।" उन्होंने कहा, "धर्म सत्य पर आधारित है, और जो लोग लगातार उस सत्य के साथ जीते हैं, वे ऋषि होते हैं। यह हमारा कर्तव्य है कि हम ऋषियों को सुरक्षा प्रदान करें और उनकी गरिमा बनाए रखें।

### धर्म ही हमें चला रहा

भागवत ने कहा कि चाहे वह नरेंद्र भाई हों, मैं हूं, आप हों या कोई और, हम सभी को एक ही शक्ति चला रही है। यदि वाहन उस शक्ति से चले, तो कभी कोई दुर्घटना नहीं होगी। वह चालक धर्म है।" भागवत ने इस बात पर जोर दिया कि जब सृष्टि का निर्माण हुआ, तो इसके क्रियाकलापों को संचालित करने वाले नियम ही धर्म बन गए। भागवत ने कहा कि धर्म केवल धार्मिकता तक सीमित नहीं है और प्रकृति में हर किसी का अपना नैतिक कर्तव्य व अनुशासन होता है। आध्यात्मिक और भौतिक भूमिकाओं के बीच संबंध को स्पष्ट करते हुए, भागवत ने कहा कि यह एक बहुत पवित्र कार्य है, और "हम केवल उन आध्यात्मिक व्यक्तियों की रक्षा करते हैं, जो सच्चे नेता होते हैं"। हम भी रक्षक हैं; हम नेतृत्व नहीं करते।

## खबर संक्षेप



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को जालंधर में श्री राम नवमी उत्सव समिति द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में हिस्सा लिया।

### मनबीर की पुस्तक राजाराम का विमोचन



**चंडीगढ़।** नई दिल्ली में आयोजित विश्व पुस्तक मेले में मनबीर सिंह आईपीएस की पुस्तक राजाराम का विमोचन तिमारपुर दिल्ली के विधायक श्री सूर्य प्रकाश खत्री और पद्मश्री डॉ संतराम देशवाल के कर कमलों से हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे विधायक सूर्य प्रकाश खत्री ने कहा कि राजाराम पर लिखी यह पुस्तक भविष्य में भारतीय इतिहास में नए आयाम स्थापित करेगी। राजाराम ब्रजक्षेत्र के एक ऐसा योद्धा थे जिसने औरंगजेब के खिलाफ संगठित सेना तैयार की और औरंगजेब की मानवता विरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष किया।

### सांसद ने विकास कार्यों का शिलान्यास किया



**पंचकूला।** जिले के रायपुररानी क्षेत्र गांव गोलपुरा में विकास कार्यों को लेकर सौगातें दी गई। सांसद कार्तिकेय शर्मा ने ग्राम पंचायत गोलपुरा में सामुदायिक केंद्र, अंबेडकर भवन, गांव की गलियों के निर्माण, फिरनी निर्माण और कब्रिस्तान तक गली निर्माण सहित कई विकास कार्यों का शिलान्यास किया। अक्टूबर 2024 से जनवरी 2026 के बीच ग्राम पंचायत गोलपुरा में करीब 1 करोड़ 26 लाख रुपये से अधिक के विकास कार्य पूरे किए गए हैं या विभिन्न चरणों में हैं। इनमें स्कूल परिसर में ओपन जिम, पंचायत भूमि पर आरसीसी पिलर सहित अन्य विकास कार्य शामिल है।

### हर वर्ग को साथ लेकर चल रही सरकार

**चंडीगढ़।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हरियाणा की नायब सरकार हर वर्ग को साथ लेकर चल रही है। मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। लाड़ो लक्ष्मी योजना के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा देश का पहला ऐसा राज्य है जहां महिलाओं को 2100 रुपये प्रति माह दिए जा रहे हैं।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने रविवार को सोनीपत की ग्राम पंचायत जठेड़ी में आंगनवाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया।

### मुख्यमंत्री का श्रमिकों के साथ संवाद : बोले- वीबी जी राम जी को लेकर भ्रम फैला रहा विपक्ष

# अब न फर्जी मजदूर होंगे और न फर्जी काम 15 की जगह 7 दिन में मिलेंगे पैसे : नायब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में श्रमिकों के साथ संवाद किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने ने विकसित भारत–गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रमिकों के कल्याण और गांव के विकास में एक और ऐतिहासिक कदम उठाते हुए विकसित भारत जी राम जी योजना शुरू की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीबी जी-राम-जी योजना में अब 15 दिन की जगह साप्ताहिक वेतन भुगतान की व्यवस्था की गई है, ताकि मजदूर को समय पर उसका पैसा मिल सके। ये सभी प्रावधान यह सुनिश्चित करते हैं कि अब न तो फर्जी मजदूर होंगे, न फर्जी काम होगा और न ही फर्जी भुगतान होगा। उन्होंने कहा कि इस कानून में कार्यों की प्रकृति को भी बदला गया है और इसमें पहले से काफी अधिक कामों को जोड़ा गया है। इससे श्रमिकों को अधिक काम मिलेगा और गांवों के विकास के अधिक काम होंगे। पहले मनरेगा के तहत सीमित रोजगार दिया जाता था। योजना ने पुरानी पड़ चुकी मनरेगा योजना का स्थान लिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस योजना को लेकर देशभर में भ्रम फैला रही है। वहीं पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार जी राम जी का विरोध करने के लिए प्रस्ताव पारित कर रही है। पंजाब में भ्रष्टाचार के दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प प्रधानमंत्री ने लिया है, उसे गांवों और श्रमिकों के विकास के बिना पूरा नहीं किया सकता। उनका मानना है कि विकसित भारत का रास्ता गांवों की गलियों से होकर गुजरता है। वीबी जी राम जी केवल रोजगार देने की योजना नहीं है बल्कि मेहनतकश लोगों के जीवन को ऊंचा उठाने, उनको सम्मान देने और उनका स्वाभिमान बनाए रखने की योजना है।

■ प्रधानमंत्री की श्रमिकों के कल्याण और गांव के विकास के लिए ऐतिहासिक पहल : नायब



#### प्रदेश के श्रमिकों को कम से कम दस हजार अधिक मिलेंगे : मुख्यमंत्री

उन्होंने कहा कि इस नए कानून के तहत रोजगार की वैधानिक गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन किया है। यही नहीं, नए कानून में राज्यों को फसल बुवाई और कटाई के समय 60 दिन के लिए काम रोकने का अधिकार भी दिया है। इससे श्रमिकों को इन 60 दिनों का काम तो मिलेगा ही, विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत भी 125 दिन का काम मिलेगा। इससे पूरे भारत वर्ष में एक ग्रामीण अकुशल श्रमिक की वार्षिक आय में औसतन 7 हजार से अधिक की बढ़ोतरी होगी। हरियाणा में हर श्रमिक को कम से कम 10 हजार अधिक मिलेंगे। हरियाणा में प्रतिदिन देश में सर्वाधिक 400 रुपये की दर से न्यूनतम मजदूरी दी जाती है। हर श्रमिक की वार्षिक आय कम से कम 50 हजार रुपये हो सकती है।



#### मनरेगा में कमियों से श्रमिकों को उठाना पड़ रह था नुकसान

*मुख्यमंत्री ने कहा कि मनरेगा जब शुरू हुई थी, तब हालात अलग थे। मनरेगा योजना में समय के साथ कई कमियां आ गई थीं। इनका खामियाजा सीधे श्रमिक भाइयों को भुगतना पड़ता था। श्रमिक इससे भली भांति परिचित हैं कि कहीं मशीनों ने उनका काम छीन लिया, कहीं फर्जी नामों से भुगतान हुआ और अनेकों बार मजदूरी मिलने में महीनों लग गए। उन्होंने कहा कि मनरेगा के नाम पर देश के कई हिस्सों में भ्रष्टाचार, फर्जी जॉब कार्ड, ठेकेदारों का वर्चस्व और मजदूरों के हक की लूट हुई। सी.ए.जी. की रिपोर्टों से लेकर सामाजिक ऑडिट तक में, बार-बार यह सामने आया कि असली मजदूर काम करता रहा और जेबें औरों की भरती रहीं। मुख्यमंत्री ने हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी के अब तक के कार्यकाल और कांग्रेस के 10 वर्षों के कार्यकाल के दौरान मनरेगा के तहत किए गए भुगतान की तुलना करते हुए कहा कि उन्हें गर्व है कि अक्तूबर 2014 से अक्तूबर 2025 तक श्रमिकों को पांच हजार करोड़ से अधिक का भुगतान किया गया है, जबकि कांग्रेस के दस वर्षों में यह आंकड़ा दो हजार करोड़ रुपये से भी कम था।*

## तीन दिवसीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन आज से, कल्याण लेंगे हिस्सा

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण यूपी में होने वाले तीन दिवसीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। यहां पर बता दें कि लखनऊ में 19 से 21 जनवरी तक 86वां अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन सोमवार से आयोजित होगा। इसके लिए जिसमें देश भर के विधानसभा अध्यक्ष और विधान परिषद सभापति विधायी प्रक्रियाओं, संसदीय परंपराओं और सुशासन जैसे विषयों पर चर्चा करने के लिए पहुंच चुके हैं। वैसे यूपी में चार बार इस तरह का सम्मेलन हो चुका है। पिछली बार कर्नाटक में यह आयोजन किया गया था। इस सम्मेलन का उद्घाटन राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी और समापन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के संबोधन के साथ होगा। विधानमंडल सचिवों का भी अलग सम्मेलन होगा।



### सरस्वती महोत्सव आज से

**चंडीगढ़।** सरकार द्वारा बसंत पंचमी के पावन पर्व को समर्पित सरस्वती महोत्सव 19 से 23 जनवरी तक मनाने का निर्णय लिया है। सरस्वती महोत्सव न केवल हमारी धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह हमारी प्राचीन सभ्यता और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने का एक सशक्त माध्यम भी है। इसी कड़ी में प्रदेष के कई जिलों में कला और संस्कृति का अनोखा संगम और रंग देखने को मिलेगा। हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि 19 जनवरी को यमुनानगर के आदिबद्री से सरस्वती महोत्सव का उद्घाटन किया जाएगा। इसी प्रकार, 20 से 21 जनवरी तक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में सरस्वती नदी पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बोर्ड तथा पुरातत्व विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्रदर्शनी लगेगी।

### कुरुक्षेत्र में पार्टी के प्रशिक्षण शिविर में पहुंचे नेता प्रतिपक्ष हुड्डा बोले

## राहुल 21 को हरियाणा व उत्तराखंड के कार्यकर्ताओं को देंगे संगठन के मंत्र

**कुरुक्षेत्र।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार में प्रदेश में लगातार अपराध और बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। अपराधी आए दिन वारदातों को अंजाम दे रहे है। प्रदेश सरकार आमजन की सुरक्षा में विफल है। संगठन सर्जन के अंतर्गत अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा पंजाबी धर्मशाला में हरियाणा एवं उत्तराखंड जिला अध्यक्षों के लिए आयोजित दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में पहुंचने से पहले पिपली पैराकीट में पत्रकारों से बातचीत करते हुए भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 21 जनवरी को कुरुक्षेत्र पहुंचेंगे और पंजाबी धर्मशाला में हरियाणा एवं उत्तराखंड जिला अध्यक्षों के साथ संवाद करेंगे। हुड्डा ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था का दिवाला पीटा हुआ है। अपराध हरियाणा में चरम सीमा पर है।

#### सरकार ने मनरेगा का स्वरूप बदलकर श्रमिकों की मिलने वाली रोजगार गारंटी खत्म की



नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार ने मनरेगा का नाम बदलने के साथ-साथ इस योजना का स्वरूप भी बदल दिया है। मजदूरों को मिलने वाली रोजगार की गारंटी को खत्म कर दिया है। संगठन सर्जन के अंतर्गत अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा पंजाबी धर्मशाला में हरियाणा एवं उत्तराखंड जिला अध्यक्षों के लिए आयोजित दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में रविवार को ध्वज रक्षक पंचकुला जिला अध्यक्ष संजय चौहान रहे और मुख्य अतिथि उत्तराखंड पिथौरागढ़ जिला अध्यक्ष मुकेश पंत रहे। जिलाध्यक्षों के साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने संवाद किया। उन्होंने जिलाध्यक्षों से धरातल पर सक्रिय रहकर पार्टी हित में कार्य करने का आह्वान किया।

### नए तकनीकी कोर्सों से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे

**चंडीगढ़।** प्रदेश के तकनीकी शिक्षा का विस्तार करते हुए नए साल में कई डिप्लोमा कोर्स व नई ब्रांच की शुरुआत हुई है। नए साल में विद्यार्थियों को नई सौगात देते हुए विभाग ने हाईटेक बदले हुए जमाने के कईं कोर्स की शुरुआत करने का फैसला लिया था। सरकारी पॉलिटेक्निक और एसआईईटी में हाई-टेक कोर्स सीट बढ़ाने का लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा। इंड्रस्टी की वर्तमान जरूरत के हिसाब से प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा रही है हरियाणा के तकनीकी शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2026–27 से सरकारी पॉलिटेक्निक और स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा कोर्स, नई शाखाएं और प्रवेश क्षमता बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। तकनीकी शिक्षा को आधुनिक तकनीकों का समावेश किया गया है।

### केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से मिले प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अनिल विज

## केंद्र सरकार के सहयोग से सुधार जारी गर्मियों में भी नहीं सताएगी 'बिजली'

**नई दिल्ली।** ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा बिजली क्षेत्र में तेजी से सुधार किए जा रहे है। इसमें केंद्र का भी सहयोग मिल रहा है। ट्रांसफार्मर व अन्य उपकरणों को प्राथमिकता के आधार पर बदला जा रहा है। सर्दियों की तरह गर्मियों में भी किसी भी प्रकार की बिजली किल्लत नहीं रहेगी। अनिल विज ने यह बात रविवार को दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। इससे पहले उन्होंने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि आने वाला बजट लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरेगा क्योंकि बहुत ही मजबूत बजट पेश किया जाएगा। अभी बजट बन रहा है और सभी हितधारकों की राय ली जा रही है।

#### उपभोक्ताओं को केंद्र की योजनाओं का लाभ मिलेगा



उन्होंने कहा कि बिजली प्रणाली को सुधारना हमारी प्राथमिकता विज ने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र में विकास को लेकर आज केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल से बातचीत हुई है ताकि केंद्र के साथ-साथ राज्य के लोगों तक ऊर्जा क्षेत्र की योजनाओं का लाभ पहुंच सके। उन्होंने बताया कि बिजली प्रणाली को सुधारना हमारी प्राथमिकता है ताकि उपभोक्ताओं तक निर्बाध गुणवत्तापरक बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। गर्मियों के मौसम के दौरान ही बिजली आपूर्ति को सुनिश्चित किया जा चुका है इसलिए सर्दियों में अभी फिलहाल किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है तथा मांग और आपूर्ति में भी कोई समस्या नहीं है। राज्य में बिजली के ट्रांसफार्मरों और कंडक्टरों को आवश्यकतानुसार अपग्रेड किया जा रहा है। विज ने कहा कि जब भी नया थर्मल प्लांट या यूनिट लगाई जाती है तो कोल ब्लॉक लेना जरूरी होता है। उन्होंने बताया कि पानीपत और हिसार के खेदड़ में 800-800 मेगावाट की यूनिट लगाई जानी है, इसके लिए केंद्र ने कोल लिकेंज आवंटित किया है।

## हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**सोनीपत।** मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ अभियान के तहत सोनीपत पुलिस की क्राइम यूनिट कुंडली ने दो अलग-अलग घटनाओं में कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पहली घटना में क्राइम यूनिट कुंडली की टीम ककरोड़ रोड के पास गश्त पर थी। इसी दौरान सूचना मिली कि विकास उर्फ कालू निवासी गांव चिटाना हाल सेक्टर 23, सोनीपत हेरोइन बेचने की फिराक में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पार्क सेक्टर 23 के पास खड़ा है। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी ली, जिसमें पजामी से प्लास्टिक पन्नी में रखी 18.76 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। दूसरी घटना में उसी दिन क्राइम यूनिट कुंडली की टीम ककरोई चुंगी के पास मौजूद थी। सूचना मिली कि अनिल निवासी गांव गुहणा जिला सोनीपत ककरोई रोड आउटर मोड़ सेक्टर 23 पर हेरोइन लेकर खड़ा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तलाशी ली तो पजामी से 20.02 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इस मामले में भी संबंधित धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया।

### प्रदेश प्रगति के लिए युवा सबसे बड़ी ताकत : राणा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने हमारा देश युवाओं का देश है, देश व प्रदेश की प्रगति के लिए युवा सबसे बड़ी ताकत हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में हरियाणा सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर, शिक्षित और सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है श्याम सिंह राणा ने यह बात सढौरा (यमुनानगर) में आयोजित युवा महासम्मेलन में सम्बोधित करते हुए कही।इस अवसर पर पूर्व विधायक बलवंत सिंह भी मौजूद रहे।

## सद्भाव यात्रा का विरोध करने वाले शिखंडी : बृजेंद्र

फरीदाबाद। पूर्व सांसद एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के विदेशी मामले विभाग के उपाध्यक्ष बृजेंद्र सिंह ने सद्भाव यात्रा का विरोध करने वालों पर निशाना साधा है। उन्होंने एक प्रकरण का जिक्र करते हुए विरोध करने वालों को शिखंडी करार दिया है। उन्होंने सीधे तौर पर चेतावनी दे दी है कि सीधा लड़ना सीखे, शिखंडी क्यों बने फिर रहे हो क्योंकि शिखंडियों पर भी वे भी हथियार नहीं उठाते। मुकाबला करना है तो सीधा करो।बृजेंद्र सिंह सद्भाव यात्रा के तहत रविवार को पृथला विधानसभा क्षेत्र में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में मोहना, अटेरना, जवां गांव, फतेहपुर बिलौच, डीग, सुनपेड़, सागरपुर व जाजरू में जनसंपर्क किया। इस अवसर पर यात्रा का जगह-जगह कांग्रेस नेता सत्यवीर डागर के नेतृत्व में स्वागत किया गया।

#### ...सद्भाव से तकलीफ है या भाईचारे या फिर मुझसे



यात्रा के दौरान अपने संबोधन में पूर्व सांसद ने कहा कि जब से सद्भाव यात्रा शुरू हुई है, हमारे कुछ भाई भी कुछ बोलते रहते हैं। वे कई बार उनसे पूछते हैं कि उन्हें सद्भाव से तकलीफ है या फिर भाईचारे या फिर मुझसे। किस चीज की असुरक्षा है। इसी दौरान पूर्व सांसद ने महाभारत से जुड़ा हुआ प्रकरण सुनाया। उन्होंने कहा कि भीष्म पितामह को मारा नहीं जा सकता था। सिर्फ एक ही सूरत में मारा जा सकता था कि महिला को आगे कर दो। शिखंडी वैसे तो द्रोपदी का भाई था लेकिन पिछले जन्म में महिला थी और यह बात भीष्म पितामह को पता थी। युद्ध के दौरान जब शिखंडी को आगे किया गया तो भीष्म पितामह ने अस्त्र शस्त्र रख दिए और पीछे से अर्जुन ने तीर से वार किया। फिर बृजेंद्र सिंह ने कहा कि मेरे से साथियों से अनुरोध है कि हरियाणा के निवासी हो, सीधा लडना सीखे, शिखंडी क्यों बने फिर रहे हो सारे के सारे।

### हरियाणा विधानसभा में भर्तियों को लेकर बदलेगी पुरानी व्यवस्था

विधानसभा अध्यक्ष ने सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों से मांगे सुझाव

## क्लास वन और टू की भर्ती एचपीएससी से और बाकी एचएसएससी से करवाने पर चल रहा विचार

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा में भर्तियों को लेकर पुराने ढर्रे से चला आ रहा सिस्टम बदलने जा रहा है। भर्तियों को लेकर किसी भी तरह से कोई उंगली नहीं उठे और विधानसभा में आधुनिक उच्च शिक्षित स्टाफ मिले इस पर चिंतन मंथन करने के साथ ही नया प्रस्ताव तैयार है। इस क्रम में विधानसभा अध्यक्ष ने विस अधिकारियों और कर्मियों से सुझाव व फीडबैक मांगा है।

### मेरिट पर मिलेगी नौकरी

भरोसेमंद सूत्रों का कहना है कि सूबे की नायब सैनी सरकार, पूर्व सीएम मनोहरलाल व विस अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण पुरानी सरकारों के वक्त से चली आ रही व्यवस्था में पूरी तरह से बदलाव के पक्ष में हैं। अर्थात पिक एंड चूज, भाई भतीजावाद नहीं होकर स्टाफ पारदर्शी तौर तरीकों मेरिट पर रखा जाए इस दिशा में जल्द ही ठोस कदम उठाने की तैयारी है। सूत्रों का कहना है कि क्लास वन और टू की भर्ती बाकी विभागों की तर्ज पर हरियाणा लोक सेवा आयोग और क्लास तीन व चार की भर्ती हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से करने पर भी मंथन हो रहा है।

फिलहाल, सभी श्रेणियों में तीन सौ से ऊपर विधानसभा में स्टाफ है। इसके अलावा विभिन्न विभागों और हरियाणा सचिवालय से भी स्टाफ यहां पर डेपुटेशन पर आया हुआ है। लिखित परीक्षा और इंटरव्यू कठिन प्रक्रिया से गुजरना होगा हरियाणा विस में आने वाले वक्त में उच्च पदों के लिए कठिन और पारदर्शी प्रक्रिया से गुजराना होगा अर्थात लिखित परीक्षा के साथ साथ में इंटरव्यू आदि की व्यवस्था भी संभावित है। सभी सुझाव और फीडबैक आने के बाद नए नीति की घोषणा हो सकती है।



■ विधानसभा सचिवालय में 300 कर्मचारियों का स्टाफ, बाकी विभिन्न विभागों से डेपुटेशन पर आकर कर रहे काम

■ अब लिखित परीक्षा के बाद साक्षात्कार के बाद नियुक्ति की तैयारी

#### विधानसभा की कार्यवाही में एआई और अन्य आधुनिक सुविधाओं का इस्तेमाल किया जाएगा

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने विधानसभा के कर्मियों और अधिकारियों से विस में भर्ती को लेकर उनके सुझाव और फीडबैक मांगा है। विस अध्यक्ष विधानसभा में कामकाज में सुधार, तेजी लाने, एआई सहित आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल चाहते हैं, साथ ही आने वाले समय की चुनौतियों के हिसाब से कौशल और उच्च शिक्षा वाले कर्मियों, अफसरों की भर्ती को लेकर मंथन हो रहा है। भर्ती सीधे ही विधानसभा में पुराने ढर्रे पर नहीं होकर हरियाणा लोक सेवा आयोग और हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग जैसी एजेंसियों के माध्यम से हो इस तरह का प्रस्ताव है। विधानसभा में तीन सौ से ज्यादा इस समय कर्मचारी और अधिकारियों की संख्या है। सभी के सुझाव और फीडबैक मिलने के बाद में विस अध्यक्ष सुधार के लिए जल्द ही नए प्रस्तावों को हरिझंडी देने वाले हैं। विधानसभा के अंदर बड़ी संख्या में कर्मचारी और अधिकारी डेपुटेशन पर विभिन्न विभागों से आए हुए हैं। विभिन्न विभागों में तबादलों और पोस्टिंग का झंझट भी है। इस तरह से यहां आने के बाद में कम से कम तबादले के झंझट से तो मुक्ति पा जाते हैं।

## लाडो लक्ष्मी योजना में बार बार बदलाव महिलाओं के साथ धोखा : सैलजा

**चंडीगढ़।** सिरसा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री सैलजा ने हरियाणा सरकार द्वारा लाडो लक्ष्मी योजना में बार-बार किए जा रहे बदलावों को महिलाओं के साथ खुला धोखा बताया है। सैलजा ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा सरकार ने प्रदेश की सभी महिलाओं को 2100 प्रतिमाह देने का वादा किया था, लेकिन सत्ता में आने के लगभग एक वर्ष बाद भी सरकार अपने वादे से लगातार पीछे हटती जा रही है। पहले यह शर्त लगाई गई कि जिन महिलाओं की वार्षिक आय एक लाख से अधिक है, उन्हें इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा। इसके बाद तीन-तीन महीने की किस्तों में राशि डालने की व्यवस्था की गई। इसके पश्चात सरकार ने योजना में फिर बदलाव करते हुए यह प्रावधान कर दिया कि केवल बीपीएल परिवारों से संबंधित महिलाओं को ही लाभ मिलेगा और वह भी तब, जब उनके बच्चे 10वीं व 12वीं कक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाएंगे। इस स्थिति में 1100 नकद और 1000 की एफडी कराने की बात कही गई। अब तीसरी बार योजना में परिवर्तन करते हुए सरकार ने नई नीति का ऐलान कर दिया।



■ सरकार की नीयत महिलाओं को सशक्त करने की नहीं

## पलवल को मिलेगी मेट्रो की सौगात, 2026 में काम शुरू होगा : कृष्णपाल

**चंडीगढ़/पलवल।** केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश व हरियाणा प्रदेश विकास के नए आयाम कायम कर रहा है। उन्होंने घोषणा की कि पलवल को जल्द ही मेट्रो की सौगात दी जाएगी, जिसका काम वर्ष-2026 में ही शुरू करवाया जाएगा। केंद्रीय मंत्री पलवल की अनाज मंडी में आयोजित नव मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनता के अटूट विश्वास के बूते ही केंद्र व प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है। सरकार का एक ही लक्ष्य है कि अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति का कल्याण किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नया भारत संकट में जीवन का अहसास कराता है। कोरोना काल व यूक्रेन युद्ध तथा हर संकट के समय में मोदी के नेतृत्व में देश के नागरिकों की रक्षा की गई है। उन्होंने कहा कि मोदी के नये भारत में कोई व्यक्ति बिना उपचार व दवाई के नहीं रहता। करीब दस करोड़ बहनों के लिए शौचालय बनवाये गये हैं। हर क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है।



■ पलवल के विकास के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध : गुर्जर

राष्ट्र निर्माण में खेल-खिलाड़ी की भूमिका विषय पर विचार संगोष्ठी

# देश के लोग एकजुट होकर पंच परिवर्तन पर करें काम : आलोक कुमार

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह ने कहा संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर शताब्दी वर्ष मना रहा संघ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह आलोक कुमार ने कहा कि संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर संघ आज शताब्दी वर्ष मना रहा है लेकिन संघ द्वारा शताब्दी वर्ष मनाने का उद्देश्य अपना गुणगान या अपना महिमामंडन करना नहीं है। संघ चाहता है कि देश को आगे बढ़ाने के लिए पंच परिवर्तन का जो संकल्प है उस पर देश के लोग एकजुट होकर उस पर काम करें। सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी, कुटुम्ब प्रबोधन, कर्त्तव्य बोध को अपना कर ही देश पुनः विश्व गुरु के पथ पर आगे बढ़ पाएगा। आलोक कुमार रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पानीपत के एसडी कॉलेज में "राष्ट्र निर्माण में खेल-खिलाड़ी की भूमिका" विषय पर एक विचार संगोष्ठी को सम्बोधित कर रहे थे।






पानीपत। दीप प्रज्ज्वलित करते मुख्यातिथि, मुख्य वक्ता एवं कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेशभर के खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### सबको सकारात्मक दिशा में काम करना होगा

आलोक कुमार ने कहा कि आज हमारा देश 140 करोड़ की जनसंख्या का देश है और यह जनसंख्या हमारी ताकत बने इसके लिए हम सबको एक साथ मिलकर सकारात्मक दिशा में काम करना होगा। इतनी बड़ी जनसंख्या के रहने व अन्य मूलभूत जरुरतों के पूरा करने के लिए पर्यावरण संतुलन बिगड़ गया है। बिगड़ते पर्यावरण संतुलन को रोकने के लिए हमें पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना होगा।

### ख्याति प्राप्त खिलाड़ी बने युवाओं के प्रेरणा स्रोत

आलोक कुमार ने खिलाड़ियों के सवालों के जवाब देते हुए खिलाड़ियों से आह्वान किया कि खिलाड़ी भी युवाओं को नशे से दूर रहने व खेलों के क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रेरित करें। ख्याति प्राप्त खिलाड़ी रोल मॉडल बनकर युवाओं को सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरुक करें और अधिक से अधिक युवाओं को सामाजिक कार्यों के साथ जोड़ें। उन्होंने कहा कि आज सोशल मीडिया का दौर है और ख्याति प्राप्त खिलाड़ी के सोशल मीडिया पर अच्छे फालोवर हैं। इसलिए ऐसे खिलाड़ियों को अपने सोशल मीडिया हैंडल से भारतीय परंपराओं, रीति-रिवाजों को आगे बढ़ाना चाहिए।

### खिलाड़ी होते हैं देश की धरोहर: रवि दहिया

ओलम्पिक पदक विजेता रवि दहिया ने कहा कि आज समय बहुत बदल गया है इसलिए खिलाड़ियों को बहुत सचेत रहने की आवश्यकता है। क्योंकि खिलाड़ी देश की धरोहर होते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से आह्वान किया कि जो खिलाड़ी सच्ची नीयत के साथ मेहनत करता है तो वह जीवन में सफल अवश्य होता है।

### ये मौजूद रहे

*कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर ओलम्पिक पदक विजेता रवि दहिया ने शिरकत की। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हरियाणा के प्रांत संघचालक प्रताप, प्रांत प्रचारक डॉ सुरेंद्र पाल, खेल विश्वविद्यालय राई के कुलपति एवं उत्तराखंड के पूर्व डीजीपी डॉ अशोक, अंतरराष्ट्रीय पहलवान योगेश्वर दत्त, भारत की पहली महिला पैरा ओलम्पिक पदक विजेता दीपा मलिक, सुनील डबास सहित पदमश्री, द्रोणाचार्य अवार्डी, अर्जुन अवार्डी, भीम अवार्डी सहित भारी संख्या में अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी मौजूद रहे।*

## खबर संक्षेप

### प्लेसमेंट ड्राइव में गुजवि के छात्रों को मिली नौकरी

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से एडिसन इक्विपमेंट कंपनी के ऑन-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स एंड बायोमेडिकल इंजीनियरिंग (ईबीएमई) कार्यक्रम के दो विद्यार्थियों को चयनित किया गया है। सहायक निदेशक प्लेसमेंट डॉ. आदित्य वीर सिंह के अनुसार चयनित विद्यार्थी बीटेक ईबीएमई के मोहित शर्मा व मोहित कुमार हैं। प्लेसमेंट ड्राइव का समन्वय बीटेक ईबीएमई के विद्यार्थी अक्षय ने सुचारू रूप से किया।

### खोए बालक को पुलिस ने परिजनों से मिलवाया



**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने नेशनल हाइवे पर गांव धांगड़ एक करीब 10 साल बच्चे को उसके परिजनों से मिलवाया है। फोन के माध्यम से जानकारी प्राप्त करने पर पता चला कि बालक अपनी बुआ के घर आया हुआ था और रास्ता भटक गया था। इसके बाद पुलिस टीम द्वारा बालक की बुआ राधिका, निवासी परशु राम चौक, काठ मंडी, फतेहाबाद से संपर्क किया गया। सभी तथ्यों की पुष्टि उपरांत बालक को पूर्ण रूप से सुरक्षित एवं सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। परिजनों ने बच्चे को सुरक्षित वापस पाकर फतेहाबाद पुलिस का आभार व्यक्त किया।

### चालक और परिचालक ने लैपटॉप लौटाया



**सोनीपत।** रोडवेज कर्मचारियों ने यात्री के दस्तावेज व लैपटॉप वापस कर ईमानदारी का परिचय दिया है। सोनीपत डिपो की बस चंडीगढ़ से सोनीपत आ रही थी, जिसमें चालक अशोक व परिचालक जयबीर देशवाल ड्यूटी पर कार्यरत थे। पानीपत पहुंचने पर परिचालक जयबीर देशवाल को सीट पर एक बैग नजर आया। देखने पर उसमें देवेंद्र नाम के युवक के दस्तावेज व एक लैपटॉप मिला। आई कार्ड पर लिखे फोन नंबर की सहायता से कर्मचारियों ने उनसे संपर्क किया और उनका बैग सकुशल वापस लौटा दिया।

खरखौदा में मुठभेड़: अंकित रिढाऊ गिरफ्तार, एक पिस्टल और बाइक बरामद

**लूट सहित 18 मामलों में वांटेड था**

# पांच हजार के इनामी बदमाश का एनकाउंटर, पैर में लगी गोली

*खरखौदा क्षेत्र में रविवार सुबह पुलिस और कुख्यात बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान दोनों तरफ से गोलियां चलीं, जिसमें बदमाश घायल हो गया। उसके दोनों पैरों में गोलियां लगी थीं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

खरखौदा में हुई मुठभेड़ के बाद सीआइए-वन सोनीपत की टीम ने पांच हजार रुपये के ईनामी बदमाश को पकड़ने में कामयाबी पाई है। इस दौरान आरोपित द्वारा चलाई गई गोलियों में यूनिट प्रभारी बीर सिंह भी बाल-बाल बच गए। पकड़ में आया बदमाश अंकित रिढाऊ गांव का रहने वाला है, जिस पर हत्या व लूट के काफी केस दर्ज हैं। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के दोनों पैरों में गोलियां लगी हैं। मुठभेड़ में सीआईए-1 प्रभारी इंस्पेक्टर बीर सिंह की जान उनकी बुलेट प्रूफ जैकेट की वजह से बच गई। सीआईए-1 प्रभारी बीर सिंह ने बताया कि उनकी टीम खरखौदा क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान सूचना मिली थी हत्या की कोशिश का आरोपी गांव रिढाऊ निवासी अंकित आईएमटी के पास वारदात को अंजाम देने आया है। अंकित के खिलाफ पंजाब के जिला होशियारपुर के गांव बुव कालूवहार हॉल ओडिशा निवासी दीदार सिंह ने 17 दिसंबर, 2025 को जानलेवा हमला करने का आरोप लगाकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। वह अदालत में गवाही देने आए थे तब आरोपी ने उनके दोनों हाथ व पैर तोड़ दिए थे। मामले में आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस ने पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। इस घटना के बाद से पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही थी।





खरखौदा। बदमाश का प्राथमिक उपचार कराते एवं मुठभेड़ स्थल का निरीक्षण करते पुलिस कर्मी। फोटो : हरिभूमि

### सोहटी की ओर जाते घेरा

पुलिस को जानकारी मिली थी कि वह बिना नंबर की बाइक और अवैध हथियार के साथ खरखौदा क्षेत्र में घूम रहा है। जिस पर सीआईए-1 प्रभारी बीर सिंह व एसआई ओमबीर सिंह की टीम बनाई गई। पुलिस ने आरोपी को नाहरा-बहादुरगढ़ मार्ग से सोहटी की ओर जाते हुए घेर लिया। पुलिस ने उसे रुकने और आत्मसमर्पण करने को कहा लेकिन आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी।

### बुलेटप्रूफ जैकेट ने बचाई जान

पुलिस के मुताबिक बदमाश ने सबसे पहले इंस्पेक्टर बीर सिंह की टीम पर गोली चलाई, जिससे वह बाल-बाल बच गए। इसके बाद उसने दूसरी टीम का नेतृत्व कर रहे एसआई ओमबीर पर फायर किया, जिसमें वे भी सुरक्षित रहे। जवाब में इंस्पेक्टर बीर सिंह ने हवाई फायर किया तो आरोपी ने सीधा उनकी ओर गोली दाग दी। यह गोली इंस्पेक्टर की बुलेटप्रूफ जैकेट पर जा लगी, जिससे उनकी जान बच गई। आत्मरक्षा में इंस्पेक्टर बीर सिंह ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें दो गोलियां बदमाश के पैरों में जा लगीं। घायल अवस्था में उसे काबू कर लिया गया। आरोपी लूट व हत्या की कोशिश के 16 मामलों में नामजद था। अब एक अन्य प्राथमिकी खरखौदा थाना में दर्ज की गई है।

### आरोपी ने पुलिस टीम पर भी गोलियां चलाई

सीआईए-1 की टीम ने पांच हजार रुपये के इनामी बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पुलिस टीम पर गोलियां चलाई है। बचाव में उसे दो गोलियां लगी हैं। पुलिस ने आरोपी से पिस्तौल व चोरी की बाइक बरामद की है।
**-नरेंद्र सिंह, डीसीपी क्राइम, सोनीपत**

21 फरवरी 2024 को केस दर्ज किया गया था

# नाबालिग की हत्या कर शव खुर्दबुर्द करने के दोषी को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**दोषी पर पंद्रह हजार का जुर्माना भी लगाया गया**

जिला एवं सत्र न्यायाधीश भिवानी डी आर चालिया की अदालत ने नाबालिक लड़के की हत्या करने के बाद लाश को खुर्दबुर्द करने की नीयत से जमीन में दबाने के मामले में आरोपी को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने की सूरत में आरोपी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना बवानी खेड़ा के अंतर्गत गांव के रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बतलाया है कि 21 फरवरी 24 को आरोपी के द्वारा उसके नाबालिक लड़के की हत्या करने के बाद उसकी लाश को खुर्द-बुर्द करने की नीयत से जमीन में दबा दिया था। पुलिस द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। अदालत ने आरोपी हरिओम उर्फ मोनू पुत्र बजरंग निवासी जमालपुर-2 जिला भिवानी को उम्रकैद व जुर्माना की सजा सुनाई है। आरोपी पर 15 हजार रुपये का जुर्माना भी किया है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में आरोपियों को अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

# 41 नशीली गोलियां व 50 इंजेक्शन के साथ दो काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

एंटी नारकोटिक सेल झज्जर की पुलिस टीम ने नशीले पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दिल्ली निवासी दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी योगेश को अदालत बहादुरगढ़ में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जबकि मुख्य आरोपी प्रदीप को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। एनटीसी प्रभारी दिनकर यादव ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर नंदी शाला के निकट प्रदीप नामक आरोपी को काबू किया गया। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में उसकी तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से 41 प्रतिबंधित नशीली गोलियां और 50 नशीले इंजेक्शन बरामद किए गए। बरामद नशीले पदार्थों के आधार पर आरोपी के खिलाफ थाना शहर बहादुरगढ़ में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस टीम ने प्रदीप के सहयोगी आरोपी योगेश निवासी दिल्ली को भी गिरफ्तार कर लिया।

शराब के नशे में घर में घुसकर महिला से की थी बदसलूकी

# सस्पेंड एएसआई के खिलाफ अश्लील हरकत करने का मामला दर्ज

**परिजनों को मुंह नहीं खोलने की दी थी धमकी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सदर थाना इलाका गांव में शराब के नशे में घर में घुस महिला से अश्लील हरकत करने वाले एएसआई के खिलाफ महिला थाना पुलिस ने अश्लील हरकत करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। इस मामले मे एएसआई को सस्पेंड पहले किया जा चुका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सदर थाना के तहत आने वाली एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शुक्रवार रात को घर में अपने बेटे का जन्मदिन मना रहे थे। रात को साढ़े 11 बजे यश्वीर उनके घर पहुंचा और दरवाजे पर लात मार कर उसे खोल दिया। आरोप है कि यशवीर ने उसका हाथ पकड़ कर उसे दूसरे कमरे में खींचने की कोशिश की। जब उसने विरोध किया तो एएसआई ने उन्हें धमकी दी। उनके घर में उसकी मां, दूसरी बहन, बेटा थे, जो सभी डर से सहम गए। आरोपित ने बेटी के साथ भी गाली गलौज की। यशवीर अंदर घर में घुस गया जबकि उसके तीन अन्य साथी बाहर गाड़ी में बैठे थे। मामला संज्ञान में आने पर एसपी कुलदीप सिंह ने तुंरत प्रभाव से एएसआई यशवीर को लाइन हाजिर कर सस्पेंड कर दिया था। शिकायत के आधार पर सस्पेंड किए गए एएसआई यशवीर के खिलाफ घर में घुस कर अश्लील हरकत करने, धमकी देने सहित कई धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

तीन आरोपियों को पहले ही किया जा चुका है काबू

# क्रिप्टो करंसी में निवेश के नाम पर महिला से 53 लाख की ठगी, काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

क्रिप्टो करंसी में निवेश के नाम पर 53 लाख की ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान हरिंदर सिंह पुत्र अमरजीत सिंह, निवासी नांगला, तहसील टोहाना, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व इस प्रकरण में तीन आरोपियों को पहले ही काबू किया जा चुका है। रविवार को इस बारे जानकारी देते हुए थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 16 सितंबर 2024 को भुटानी टायर हाऊस, टोहाना की गुंजन भाटिया की शिकायत पर केस दर्ज किया था।



पुलिस को दी शिकायत में भुटानी टायर हाऊस, टोहाना की गुंजन भाटिया ने कहा है कि उसके पति अतुल की कुलां के पवन कुमार के साथ जान-पहचान थी। फरवरी 2022 में पवन हरिन्द्र निवासी नांगला के साथ उसके पति के पास आया और कहा कि उन्होंने एक क्रिप्टो करंसी की कम्पनी बनाई है जिसमें 200 दिन में अंदर तुम्हारा पैसा डबल कर देंगे। इसके बाद इन लोगों ने अतुल को गुरजीत कौर, विक्रम व नवीन से मिलाया।

नारनौल में वारदात, कैंपर गाड़ी में आए बदमाश

# बदमाशों ने व्यापारी पर सरे बाजार रॉड-डंडों से वार किए

**खौफ का माहौल, दुकान पर व्यापारियों ने जताया रोष लगाई सुरक्षा की गुहार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सिंघाना रोड पर कैंपर गाड़ी में सवार होकर आए बदमाशों ने सरेबाजार सुनील मोटर्स के मालिक पर हमला कर दिया। बेखौफ बदमाशों ने रॉड व डंडों से न केवल व्यापारी से मारपीट की, बल्कि जाते समय उनकी गाड़ी में भी तोड़फोड़ कर गए। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। इस वारदात से शहर के व्यापारियों में खौफ बन गया है तथा व्यापार मंडल एवं वरिष्ठ नागरिक संगठन ने भारी नाराजगी व्यक्त करते हुए पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है। सिंघाना रोड पर रेनबो हॉस्पिटल के पास व्यापारी सुनील कुमार ने सुनील मोटर्स के नाम से एक इन्वर्टर बैटरी की दुकान है। व्यापारी सुनील ने बताया कि शाम को करीब सवा छह बजे सफेद रंग की कैंपर पर सवार होकर चार से पांच बदमाश आए। बदमाश आते ही दुकान के अंदर घुस गए तथा उसके साथ मारपीट शुरू करी दी। उन्होंने पर उस लोहे की रॉड से हमला कर दिया। इसके व्यापारी को शरीर पर कई चोटें भी आई हैं। पीड़ित सुनील ने बताया कि जब हमलावर रॉड से मारने लगे, तो उसने अपना बचाव किया। इससे उसका सिर तो बच गया, लेकिन गंभीर चोटें आई।



नारनौल। व्यापारी के प्रतिष्ठान पर पहुंचे व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

### पड़ोसी से पुरानी रंजिश

व्यापारी सुनील ने बताया कि उसकी पड़ोसी दुकानदार से पुरानी रंजिश है। जिसके चलते पहले भी दो बार उस पर हमला हो चुका है। तीसरी बार उस पर यह हमला हुआ है, जिससे उसको काफी नुकसान हुआ है।

एएसआई प्रवीण पर फायरिंग मामला: डीघल गांव में अहलावत 27 खाप की हुई पंचायत

**मुख्यमंत्री से जांच के लिए मिलेगी कमेटी**

# पुलिस की कार्यशैली पर उठाए सवाल, आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए दिए सात दिन

**डीघल के युवक पंकज अहलावत के समर्थन में आई अहलावत 27 खाप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

विगत गुरुवार को हुई पुलिस मुठभेड़ के बाद पकड़े गए गांव डीघल के युवक पंकज अहलावत के समर्थन में डीघल गांव में अहलावत 27 खाप की महापंचायत हुई। महापंचायत की अध्यक्षता अहलावत खाप के प्रधान जय सिंह अहलावत ने की। महापंचायत में पंकज के पिता पूर्व चेयरमैन आनंद सिंह अहलावत और भाई भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप अहलावत ने अपना पक्ष रखते हुए पंकज और साथियों को निर्दोष बताया। उन्होंने कहा कि पुलिस अपनी गलती को छिपाने के लिए निर्दोष को फंसाने का काम कर रही है। प्रदीप अहलावत ने कहा कि उन्होंने इस मामले में सीएम से मुलाकात की थी।



झज्जर। डीघल गांव में आयोजित महापंचायत में उपस्थित खाप प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

### एक सप्ताह बाद फिर पंचायत

सीएम ने डीजीपी को मामले की जांच करने के निर्देश दिए थे। बाद में रोहतक रेंज आईजी और एसपी रोहतक जांच करने के लिए झज्जर पहुंचे थे। महापंचायत में शासन और प्रशासन को एक सप्ताह का समय दिया गया। अहलावत खाप के प्रधान जय सिंह अहलावत ने बताया कि यदि उनकी मांग को माना गया तो शासन और प्रशासन का धन्यवाद किया जाएगा,अन्यथा अगले सप्ताह एक और महापंचायत आयोजित कर फिर अगली रणनीति तैयार की जाएगी। जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। उन्होंने बताया कि मामले में गठित की गई कमेटी भी इसी सप्ताह सीएम नायब सैनी से मिल कर मामले की जांच की मांग करेगी।

### दुर्घनाग्रस्त गाड़ी से 105 किग्रा डोडा पोस्त बरामद

**जींद।** एंटी व्हीकल थेफ्ट पुलिस स्टाफ ने गांव खांडा के निकट जम्मू-कटरा नेशनल हाइवे पर दुर्घटनाग्रस्त कार से 105 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद किया है। डोडा पोस्त को कार में तस्करी कर राजस्थान से पंजाब ले जाया जा रहा था। अलेवा थाना पुलिस ने दो तस्करों के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव खांडा के पास जम्मू-कटरा नेशनल हाईवे पर एक दुर्घनाग्रस्त कार खड़ी हुई है। जिसमें नशीला पदार्थ है। उसका घायल चालक नागरिक अस्पताल में भर्ती है। उसका दूसरा साथी गाड़ी के पास पहरेदारी कर रहा है। खड़े युवक को काबू कर लिया।

### 25 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार, 26 से ज्यादा आपराधिक मुकदमे हैं दर्ज



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सैंट्रल की टीम ने अपहरण कर मारपीट करने के मामले में 25000 रूपए के इनामी एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि राहुल निवासी गांव जुनहैडा फरीदाबाद ने थाना तिगांव मे दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसकी आरोपी डॉक्टर ललितेश कान्त से जान पहचान थी। ललितेश का अपनी पत्नी के साथ केस चल रहा है। उसने आरोपित की पत्नी की केस लडने में मदद की थी, जिसकी वजह से ललितेश उससे रंजिश रखने लगा था। 2 जुलाई को रात के समय शिकायतकर्ता अपने दोस्तों के साथ कांवरा मोड पर खडा था तभी एक काली स्कार्पियो आई जिसमें कुलभूषण, ललितेश और आरोपी का मैनेजर व एक अन्य व्यक्ति गोविंद बैठे थे जिन्होंने शिकायतकर्ता को जबरदस्ती गाडी में बैठा लिया। इसके बाद आरोपी उसको कुलभुषण के घर ले गये, जहां पर चुन्नी से उसके हाथ पैर बांधकर मारपीट की तथा रात को के आर मंगलम स्कूल के सामने डाल गए। जिस पर थाना भुपानी में संबंधित धाराओं मे मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी कुलभूषण उर्फ कुल्लू ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया और पीडित को उठा कर आरोपी कुलभूषण व उसके साथी कूलभूषण के घर ले गये और वहां ले जाकर उसके साथ मारपीट की। इस मामले में पहले ही आरोपी ललितेश कांत, ललितेश मिश्रा तथा गोविंद को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी कुलभूषण उर्फ कुल्लू के विरुद्ध हरियाणा सहित अन्य राज्यों में कुल 26 आपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

